भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड : झाँसी

मानव संसाधन विभाग

सन्दर्भ : मा.सं./सेलाअनु/आरईसीएचएस/2026

दिनॉक : 13.02.2026

अनुस्मारक

"सेवानिवृत्त कर्मचारी अंशदायी स्वास्थ्य योजना" (RECHS) के लाभार्थी जो बी.एच.ई.एल., झाँसी से चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर रहें है एवं जिन्होनें अभी तक वित्त वर्ष 2026–27 हेतु आरईसीएचएस सदस्यता का पुनर्वैधीकरण नही किया है, को पुनः सूचित किया जाता को सूचित किया जाता है कि वित्त वर्ष 2026–27 हेतु आर.ई.सी.एच.एस. सदस्यता का पुनर्वैधीकरण दिनॉक 01.01.2026 से प्रारम्भ किया जा चुका है । लाभार्थी बी.एच.ई.एल. की बेबसाइट http://ecare.bhel.in पर लॉगिन कर आर.ई.सी.एच.एस. सदस्यता का पुनर्वैधीकरण दिनॉक 31.03.2026 तक करना सुनिश्चित करें । उपरोक्त तिथि तक पुनर्वैधीकरण न कराने की दशा में चिकित्सा सुविधा बाधित हो सकती है। दिनॉक 31.03.2026 के उपरान्त पुनर्वैधीकरण करानें पर नियमानुसार पुनर्वैधीकरण शुल्क के अतिरिक्त Re-Entry Fees जो कि वार्षिक पुनर्वैधीकरण शुल्क के बराबर होगी, लाभार्थी द्वारा जमा करने पर ही सदस्यता का पुनर्वैधीकरण किया जायेगा । लाभार्थी साथ ही निम्नांकित विवरण आवश्यक रुप से अद्यतन (Updation) करना सुनिश्चित करें ।

1.लाभार्थी पुनर्वैधीकरण करते समय सही OPD TYPE विकल्प का चयन करें (जो लाभार्थी ओपीडी व्यय प्रतिपूर्ति का विकल्प लेना चाहतें हैं वह FIXED एवं जो बी.एच.ई.एल. अस्पताल से OPD सुविधा प्राप्त करना चाहते हैं वह In-house विकल्प का चयन करें) | वित्त वर्ष अप्रैल से मार्च में मेडिकल सुविधा का मोड (Fixed OPD/In-house) परिवर्तित करना सम्भव नही होगा । यह केवल पुनर्वैधीकरण के समय (जनवरी से मार्च) के मध्य में ही सुविधा का मोड परिवर्तित कर सकते हैं ।

2.आर.ई.सी.एच.एस. (RECHS) पोर्टल पर लाभार्थी अपना बैंक विवरण (Account Holder Name/Account Type/Account number/ IFS Code/Bank Name/ Branch Name & Address) अपडेट करें । लाभार्थी अपना बैंक विवरण भली–भॉति जॉच कर अंकित करें इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि/विसंगति होने पर IN-HOUSE OPD/FIXED OPD से सम्बन्धित भुगतान में अनियमितता/अवरोध की स्थिति हो सकती है ।

3.ई–केयर पोर्टल पर पुर्नैधीकरण के समय मोबाइल नम्बर, ई–मेल आईडी, अपडेट करना अनिवार्य है । हेल्थ मैनेजमेंट इनफोर्मेशन सिस्टम (HMIS) के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ लेने हेतु मोबाइल नम्बर पर ओ.टी.पी. की आवश्यकता होती है ।

--2--

4.लाभार्थी स्वयं एवं पति अथवा पत्नी (Spouse) का आधार, पैन नम्बर (PAN) एवं पैन कार्ड पर दर्ज नाम अंकित करें ।

किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए बी.एच.ई.एल., झाँसी के सिविल टाउनशिप कार्यालय परिसर में स्थित सिंगल बिंडो सेल में सम्पर्क करें ।

ईमेल आईडी : swc.jhansi@bhel.in

सम्पर्क फोन नम्बर : 0510-2460124 Extn 2441

बी. कुमार
13/02/2026
(बबलू कुमार)
वरि. अभियन्ता (मा.स. एवं कल्याण)

(बी० कुमार)
(B. KUMAR)
वरि० अभियन्ता (मा.सं.-टी.बी.सी. एवं कल्याण)
Sr. Engineer (HR-TBC & Welfare)
बी० एच० ई० एल०, झाँसी
B.H.E.L., JHANSI

वितरण :

– समस्त सूचना पट्ट/ भेल इन्टरनेट एवं इन्ट्रानेट/सिटी डिस्पेंसरी